बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन संख्या – 02/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियंता, असैनिक मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा का अतिरिक्त परीक्षाफल

विज्ञापन संख्या – 02/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियंता, असैनिक मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा का परीक्षाफल दिनांक 24.01.2021 एवं अन्तिम परीक्षाफल दिनांक 14.07.2021 को प्रकाशित किया जा चुका है।

अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशन के उपरान्त मुख्य (लिखित) परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों के अंक पत्र आयोग के वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने के बाद मुख्य (लिखित) परीक्षा में शामिल एक उम्मीदवार, अनुक्रमांक – 222062, अनुज बैठा द्वारा ई–मेल के माध्यम से आयोग कार्यालय को सूचना दी गई कि वे अनुसूचित जाति के उम्मीदवार हैं, परन्तु अंक पत्र में उनकी आरक्षण कोटि – सामान्य अंकित है एवं मुख्य (लिखित) परीक्षा में उन्हें अनुसूचित जाति के कट–ऑफ अंक से अधिक अंक प्राप्त रहने के बावजूद मुख्य (लिखित) परीक्षा में सफल घोषित नहीं किया गया है।

इस मामले की जाँच के क्रम में यह बात सामने आयी कि इस विज्ञापन की प्रारंभिक परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों से Offline Mode में आवेदन आमंत्रित किये गये थे। Offline Mode में प्राप्त आवेदन के आधार पर सभी आवश्यक प्रविष्टियों को कम्प्यूटरीकृत कर डाटाबेस तैयार किया गया। प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षाफल के प्रकाशन के बाद मुख्य (लिखित) परीक्षा हेतु प्रारंभिक परीक्षा के आवेदन में अभ्यर्थियों द्वारा भरे गये डाटा के आधार पर Online Application आमंत्रित किया गया, जिसमें उम्मीदवार द्वारा प्रारंभिक परीक्षा के अनुक्रमांक भरे जाने के बाद उम्मीदवार की ऑनलाईन प्रक्रिया प्रारंभ होती थी।

श्री अनुज बैठा द्वारा अनुक्रमांक – 222062 प्रविष्ट करते हुए मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में अनुसूचित जाति (02) कोटि का उल्लेख करते हुए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। पुनः उसी अनुक्रमांक – 222062 का उपयोग करते हुए ऑनलाईन आवेदन के कंडिका – 1 में सभी समान प्रविष्टि करते हुए किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा सामान्य कोटि (01) अंकित करते हुए मुख्य परीक्षा का ऑनलाईन आवेदन भरा गया।

मुख्य परीक्षा के डाटाबेस में एक ही अनुक्रमांक के दो आवेदन पाये जाने एवं अनुक्रमांक – 222062 के आधार पर भरे गये दोनों आवेदनों की कंडिका – 1 की प्रविष्टियाँ (नाम, पिता का नाम, माता का नाम एवं जन्म तिथि) एक समान होने के कारण बाद में निबंधित कराये गये आवेदन जिसमें कोटि – सामान्य (01) अंकित थी, को सही मानते हुए, उसमें पूर्व में निबंधित आवेदन को कार्यालय द्वारा merge किया गया, फलस्वरूप डाटाबेस में अनुक्रमांक – 222062 की कोटि सामान्य (01) दर्ज रह गयी और उन्हें अनारक्षित (01) कोटि के कट–ऑफ अंक से कम अंक प्राप्त होने के कारण सफल घोषित नहीं किया जा सका एवं साक्षात्कार हेतु आमंत्रित नहीं किया गया।

तदालोक में आयोग, अनुक्रमांक – 222062, अनुज बैठा को विज्ञापन संख्या – 02/2017 के अन्तर्गत सहायक अभियंता, असैनिक मुख्य (लिखित) प्रतियोगिता परीक्षा में सफल घोषित करते हुए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करता है। उनका साक्षात्कार दिनांक 29.07.2021 को आयोजित होगा।

24.7.21

तिथिः 24 जुलाई, 2021

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना